प्रदेशिक समाचार

दिनांक–22.04.2024 **(दोपहर–1455 बजे)**

सिंहभूम लोकसभा सीट से एनडीए प्रत्याशी गीता कोड़ा ने चाईबासा में नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा और प्रदेश प्रवक्ता जेबी तुबिद समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। इधर सिंहभूम सीट से इंडी गठबंधन की उम्मीदवार जोबा मांझी कल नामांकन दाखिल करेंगी। खूंटी सीट पर एनडीए उम्मीदवार अर्जुन मुंडा और इंडी एलाएंस के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा भी कल नॉमिनेशन करेंगे। राज्य की चार सीट पलामू, खूंटी, लोहरदगा और सिंहभूम पर 13 मई को वोटिंग होंगी। जबकि नामांकन की आखिरी तारीख 25 अप्रैल है।

''''''''''''''''

देश में अलग–अलग स्थानों पर बढ़ रहे सामान्य से अधिक तापमान और चल रही लू को लेकर निर्वाचन आयोग बैठक कर रहा है। बैठक का उद्देश्य लू के जोखिम को कम करने के उपायों पर चर्चा करना है। इस बैठक में मौसम विभाग के अधिकारी, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारी भाग ले रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में देश के पूर्वी हिस्सों में लू का दौर जारी रहने की उम्मीद है। अगले चार से पांच दिनों में उत्तर प्रदेश और बिहार के पूर्वी हिस्से, पश्चिम बंगाल, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों में लू की स्थिति बनी रहेगी।

''''''''''''''''

राजधानी के प्रभात तारा मैदान में रविवार को आईएनडीआईए की उलगुलान न्याय महारैली में हुई मारपीट मामले में सोमवार को दोनों पक्षों ने धुर्वा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। एक पक्ष के चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार केएन त्रिपाठी के भाई नंद गोपाल त्रिपाठी ने धुर्वा थाना में मारपीट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

''''''''''''''''

लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के लिए अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी होगी। चतरा सीट पर भाजपा के काली चरण सिंह और कांग्रेस पार्टी के केएन त्रिपाठी उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। नामांकन की अधिसूचना जारी होने के ठीक पहले बीजेपी के पूर्व विधायक और पार्टी के एस सी मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य जय प्रकाश भोगता ने चतरा से लोक सभा का चुनाव निर्दलीय लड़ने की घोषणा की है।

''''''''''''''''

झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में फुटपाथ दुकानदारों को हटाने के पूर्व उनका पुनर्वास करने को लेकर नेशनल हॉकर फेडरेशन की जनहित याचिका पर आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने मौखिक तौर पर रांची नगर निगम के अधिवक्ता एलसीएन शाहदेव से लालपुर में सड़क पर लगे सब्जी मार्केट के दुकानदारों को हटाने पर हुई कार्रवाई की जानकारी मांगी। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई मंगलवार निर्धारित की है।

''''''''''''''''

झारखंड हाई कोर्ट में चैशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद–बिक्री से जुड़े मामले में राजेश राय की जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से अनुसंधान से संबंधित रिकॉर्ड को शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट में दो सप्ताह में दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले में अगली सुनवाई आठ मई को होगी।

''''''''''''''''

गुमला में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत् 13 मई को पहले चरण का मतदान होना है। पहले चरण में होने वाले मतदान में लोहरदगा संसदीय सीट के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

''''''''''''''''

चतरा में एनटीपीसी टंडवा के स्टोर यार्ड में बीते शुक्रवार आगलगी की घटना की जांच गठित टीम ने शुरू कर दी है। एनटीपीसी और भेल कंपनी के अधिकारियों के एक दल ने प्लांट का दौरा कर अधिकारियों से घटना की जानकारी ली और क्षति का आंकलन किया। हालांकि एन टी पी सी और सहायक कंपनी भेल की ओर से अभी तक घटना से हुए नुकसान को लेकर कोई अधिकारिक बयान नहीं दिया है। आग लगने से पावर प्लांट की यूनिट तीन में लगने वाले कीमती सामान जलकर नष्ट हो गए हैं।

''''''**समाप्त**''''''